<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 26.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)</u>

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला झारखंड के दौरे पर हैं। उन्होंने आज रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ से उनके आवास पर मुलाकात की। मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास भी मौजूद रहे। इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि झारखंड का विकास देश के विकास का पूरक है और जनजातीय समुदाय को पूरे देश में सम्मान मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यहां की संस्कृति आकर्षित करने वाली है।

************************

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी आज सरना धर्म कोड की मांग को लेकर राजभवन का घेराव कर रही है। कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश प्रभारी के. राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि यह आंदोलन केवल प्रदर्शन नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की अस्मिता, आस्था और पहचान की लड़ाई है।

************************

उधर, जमशेदपुर में कांग्रेस ने संविधान बचाओ रैली निकाली। मौके पर पार्टी के प्रदेश प्रभारी के. राजू ने भाजपा पर संविधान के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया।

************************

इस बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा है कि सरना कोड और संविधान के नाम पर कांग्रेस लोगों को दिग्भ्रमित कर रही है।

************************

साल 2024 में हुई जेएसएससी– सीजीएल परीक्षा पेपर लीक केस के दो आरोपियों गौरव कुमार और अभिलाष कुमार के विरुद्ध सीआईडी ने अपनी जांच पूरी करते हुए चार्जशीट दाखिल कर दी है।

सीआईडी ने दोनों आरोपियों के खिलाफ वैज्ञानिक साक्ष्य और अन्य सबूत भी कोर्ट में पेश किये हैं।

************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने कार्यकाल के ग्यारह वर्ष पूरे कर लिए हैं। आज ही के दिन वर्ष 2014 में श्री मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। यह देश के आधुनिक राजनीतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ था क्योंकि इसने भारत में गठबंधन की राजनीति के 30 वर्ष के युग को समाप्त कर दिया था और लोगों ने भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट और निर्णायक जनादेश दिया था।

************************

देश में कोविड–19 के मामलों को देखते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी आज शाम सदर अस्पताल में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में कोविड को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की जायेगी। इसके बाद राज्य सरकार की ओर से नयी गाईडलाइंस जारी की जा सकती है।

************************

बाल अधिकारों को जरुरतमंदों तक पहुंचाने के उद्देश्य से पश्चिमी सिंहभूम जिले में न्याय प्रशासन की पहल पर आज से सघन अभियान शुरु किया गया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

************************

राज्य में प्री मानसून की बारिश शुरु हो गयी है। मौसम विभाग ने राज्य में 30 मई तक रुक–रुक कर बारिश होने के आसार जताए हैं। विभाग ने राज्य में 3 से पांच जून के बीच मानसून के दस्तक देने की संभावना व्यक्त की है। कोल्हान और संताल परगना के रास्ते राज्य में एंट्री लेने वाला मानसून यदि अनुकूल रहा तो 15 जून तक पूरे झारखंड को कवर कर लेगा।

*********समाप्त*********